प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले में विश्वविद्यालय के पौध एवं बीजों की बिक्री जारी

विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में आज तीसरे दिन भी किसानों द्वारा विभिन्न रबी फसलों के बीजों एवं पौधों की खरीद लगातार जारी है। किसानों द्वारा मेले में उद्यान अनुसंधान केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र, औषधीय व सगंध पौध अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, आदर्श पुष्प उत्पादन केन्द्र तथा एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 5.00 लाख रूपये के पौध, बीज एवं प्रकाशनों की बिक्री की जा चुकी है।